सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)
Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

अधिसूचना

(बी0एड0 द्वितीय वर्ष की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा—2023—24 हेतु आवेदन)

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित बी0एड0 द्वितीय वर्ष सत्र 2023—24 की **छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि 09—09—2024 तक कुछ छात्रों के आवेदन पूरित नहीं हो पाने के कारण मा0 कुलपति जी की स्वीकृति के क्रम में** एक और अवसर प्रदान करते हुए बी0एड0 प्रथम वर्ष की आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि **24—10—2024 तक बी0एड0 द्वितीय वर्ष** की भी **छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के आवेदन पूरित किये जाने हेतु पोर्टल पुनः खोला जा रहा है।** उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

प्रत्येक छात्रों को **निर्धारित शुल्क रू0 2500/— प्रति प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ परीक्षार्थी स्वयं/महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर बी0एड0 प्रथम व द्वितीय वर्ष का आनलाइन आवेदन दिनांक 24—10—2024 तक** कर सकते हैं। परीक्षार्थी परीक्षा फार्म के समस्त प्रपत्रों सहित अपने महाविद्यालय में जमा करें, तत्पश्चात् महाविद्यालय उन फार्मो को विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।

नोट— बी0एड0 प्रथम व द्वितीय वर्ष 2023—24 की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षाएं निम्नलिखित तिथि व परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है—

क्रम सं0	परीक्षा केन्द्र का नाम व कोड	जनपद का नाम जहां के छात्र परीक्षा देगें।	परीक्षा तिथि
1	एच0आर0पी0जी0 कालेज, खलीलाबाद, संतकबीरनगर—402	संतकबीरनगर, बस्ती व महराजगंज	26—10—2024
2	रतनसेन पी0जी0 कालेज, बांसी, सिद्धार्थनगर—609	सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व श्रावस्ती	26—10—2024

विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.suksn.edu.in पर अवलोकित किया जा सकता है।

17.10.24

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक—4721 /प0सा0/सि0वि0वि0/2024 दिनांक 17 —10—2024

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय के परीक्षार्थियों को अपने स्तर से सूचित कराना सुनिश्चित करें।
2. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सिद्धार्थ वि0वि0क0,सि0।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
6. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

उपकुलसचिव(परीक्षा)